शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

# राज्य शिक्षा केन्द्र

पुस्तक भवन, बी–विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल—462 011
दूरभाष : (0755) 2768390, 91, 92, 94, 95 फैक्स : 2552363, 2760561

पत्र क्रमांक/रा.शि.के./निर्माण/वॉश/2020/4422 भोपाल, दिनांक 08/10/2020

प्रति,

**कलेक्टर,**
**एवं जिला मिशन संचालक,**
**समस्त जिले (म.प्र.)।**

**विषयः– शालाओं में 15 अक्टूबर–2020 विश्व हाथ धुलाई दिवस (Global Handwashing Day) का आयोजन इस वर्ष "सभी के लिए स्वच्छ हाथ" (Hand Hygiene for all) थीम पर आयोजन के संबंध में।**

—000—

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रतिवर्ष अनुसार 15 अक्टूबर–2020 को "विश्व हाथ धुलाई दिवस" का आयोजन समस्त शालाओं में किया जाता है। कोविड 19 संक्रमण के दौरान बीमारी के संक्रमण को रोकने हेतु विभिन्न उपायों में सबसे प्रभावी तथा सरल है "विभिन्न अवसरों पर साबुन से हाथ धुलाई/एल्कोहल बेस्ट सैनेटाईजर से हाथों को स्वच्छ रखना" हाथों को स्वच्छ रखकर न केवल वर्तमान में कोविड 19 जैसे संक्रमण से बचा जा सकता है, बल्कि भविष्य में बेहतर स्वास्थ्य के परिणामों को प्राप्त किया जा सकता है। इस वर्ष अंतराष्ट्रीय हाथ धुलाई दिवस पर "सभी के लिए स्वच्छ हाथ" (Hand Hygiene for all) की थीम रखी गई है तथा समुदायें, संस्थाओं सभी शालाओं से अपेक्षा की जा रही है, सभी के लिए स्वच्छ हाथों को बनाये रखने हेतु विभिन्न स्तरों पर विशेष प्रयासों एवं संसाधनों को उपलब्ध कराये जावें। स्वच्छ हाथों द्वारा कोविड 19 जैसे वायरस को फैलने से रोकथाम के साथ–साथ अन्य बीमारियों से व्यक्ति की रक्षा होती है। शालाओं में हाथ धुलाई इकाई/हैण्ड सैनेटाईजेसन की उपलब्धता बच्चों के स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु अति–आवश्यक है। हाथों को स्वच्छ रखना प्रत्येक व्यक्ति के लिए दिनचर्या का भाग होना चाहिए शाला में स्वच्छ हाथों की संस्कृति बनाये रखने के लिए विभिन्न स्तरों पर एस.एम.सी, शिक्षकों, प्रधानाध्यापक एवं विद्यार्थियों की सक्रीय भूमिका शाला के दैनिक क्रियाकलापों में आवश्यक है।

शाला प्रारंभ होने के उपरांत शालाओं में प्रतिदिन की दिन–चर्या में यह आवश्यक है कि विद्यार्थियों को साबुन से हाथ धोने के मुख्य चरण (Hand Washing Step) को सिखाया जावें कोविड 19 महामारी संक्रमणकाल में विभिन्न अवसरों पर जैसे मध्याह्न भोजन के पहले, खॉसने एवं छीकने के बाद, शौचालय के उपयोग पश्चात् सभी विद्यार्थी साबुन से हाथ धोने की गतिविधि अपनाये एवं शालाओं में "सभी के लिए स्वच्छ हाथ" (Hand Hygiene for all) हेतु व्यवस्था संधारित करें।

15 अक्टूबर 2020 को "विश्व हाथ धुलाई दिवस" पर विभिन्न गतिविधियॉ प्रस्तावित है।

1. विभाग द्वारा संचालित विभिन्न ऑनलाईन प्रशिक्षण गतिविधियों, "हमारा घर हमारा विद्यालय" एवं सी.एम. राईस् कार्यक्रम, संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में दिनांक 15 अक्टूबर 2020 एवं निकटम तिथियों में होने वाले विभिन्न गतिविधियों/प्रशिक्षणों में "सभी के लिए स्वच्छ हाथ" (Hand Hygiene for all) हेतु हैण्ड वासिंग के स्टेप्स् का डेमों किया जावें। हैण्डवासिंग गतिविधि पश्चात् स्वच्छ हाथों के साथ प्रतिभागियों/विद्यार्थियों की एक सेल्फी ली जावें। (एक जिलें से केवल 5 बेस्ट सेल्फी ई–मेल पर प्रेषित करें)
2. स्वच्छ भारत मिशन के स्वच्छाग्राही समुदायें में "सभी के लिए स्वच्छ हाथ" (Hand Hygiene for all) डेमों एवं सहयोग कर रहे है। हमारा घर हमारा विद्यालय के स्थान पर उनसे समन्वय कर यथासंभव विद्यार्थियों को शामिल कर हैण्ड वांसिग डेमों एवं साबुन से हाथ धुलवायें जावें।

3. वर्ष 2020–21 में स्वीकृत किये गये हाथ धुलाई ईकाईयों में से जो 15 अक्टूबर 2020 तक जिन इकाईयों का निर्माण पूरा हो गया है, जिलेवार उनकी संख्या एवं फोटो ई–मेल से प्रेषित करें।
4. शालाओं के प्रारंभ होने के पश्चात् साबुन से हाथ धुलाई ईकाई की व्यवस्था शालाओं में उपलब्ध अवश्य होना चाहिए व्यवस्था नहीं होने पर बाल्टी मग्गे की व्यवस्था कक्षाओं की संख्या अनुसार की जावें। कोविड 19 संक्रमण के दौरान लिक्विड सोप का उपयोग किया जावें। (बच्चों की कतार कक्षावार लगायी जावें ताकि बच्चों का वेटिंग टाईम कम हों।)
5. शालाओं में साबुन से हाथ धुलाई की गतिविधि हैंडपंप के ऊपर नहीं की जावें। वेस्ट वाटर की निकासी गार्डन/सोकपिट/पौधों में निस्तारित किया जावें।
6. पानी की कमी वाले क्षेत्रों में टिपी टेप एवं लिक्विड सोप जैसे विकल्प का अपनाना उचित होगा।
7. साबुन से हाथ धोने के चरण का प्रशिक्षण एवं उसके चित्र हाथ धुलाई स्थल पर अवश्य होना चाहिए।

15 अक्टूबर, विश्व हाथ धुलाई दिवस पर इस वर्ष "सभी के लिए स्वच्छ हाथ" (Hand Hygiene for all) थीम पर केन्द्रीत है, उपरोक्त गतिविधियों का कियान्वयन कोविड–19 प्रोटोकाल एवं चुनाव आचार संहिता वाले विधानसभा/जिलें को ध्यान में रखते हुएं आयोजित कर जिलें का प्रतिवेदन संलग्न प्रपत्र में तैयार कर ई–मेल svpmp51@gmail.com पर दिनांक 25 अक्टूबर 2020 तक प्रेषित किया जावें।

**संलग्नः**–उपरोक्तानुसार

**(लोकेश कुमार जाटव)**
**आयुक्त**
**राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल**

पृ. क्रमांक/रा.शि.के./निर्माण/वॉश/2020/4423 भोपाल, दिनांक 08/10/2020

**प्रतिलिपिः**–

1. प्रमुख सचिव, आदिम जाति कल्याण विभाग की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय की ओर सूचनार्थ।
3. आयुक्त, आदिम जाति कल्याण विभाग की ओर सूचनार्थ।
4. आयुक्त, समस्त संभाग म.प्र. की ओर सूचनार्थ।
5. राज्य कार्यक्रम अधिकारी स्वच्छ भारत अभियान (ग्रामीण) सतपुड़ा भवन भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत समस्त जिलें (म.प्र.) की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, समस्त संभाग मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
8. वॉश स्पेशलिस्ट यूनिसेफ, क्षेत्रीय कार्यालय, श्यामला हिल्स, भोपाल।
9. जिला शिक्षा अधिकारी/जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा केन्द्र, समस्त जिलें (म.प्र.) की ओर पालनार्थ।

**आयुक्त**
**राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल**

## विश्व हाथ धुलाई दिवस 15 अक्टूबर–2020 की जानकारी

जिले का नाम ................................

| क्र. | ऑनलाईन प्रशिक्षण/हमारा घर हमारा विद्यालय में हाथ धुलाई प्रशिक्षण एवं डेमों की संख्या | ऑनलाईन प्रशिक्षण/हमारा घर हमारा विद्यालय में हाथ धुलाई प्रशिक्षण एवं प्रतिभागियों/विद्यार्थियों की संख्या | कुल शालाओं की संख्या जहाँ 2020 में साबुन से हाथ धुलाई इकाई स्वीकृत की गई | कुल शालाओं की संख्या जहाँ 2020 में स्वीकृत साबुन से हाथ धुलाई इकाई का निर्माण पूर्ण किया गया |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

नोटः– 25 अक्टूम्बर–2020 तक अनिवार्यतः जिले की जानकारी राज्य शिक्षा केन्द्र को ई–मेल svpmp51@gmail.com पर प्रेषित की जावें।

(हस्ताक्षर)
जिला परियोजना समन्वयक
जिला शिक्षा केन्द्र..................

E:\Parag Sir\All Letter